100 दिवसीय मोबाइल चिकित्सा वाहन पहचान एवं उपचार अभियान का शुरूवात संसद द्वारा

भिलाईनगर। निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार निश्चय निरामक छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर—घर पहुंच कर स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर—घर पहुंचकर टीवी कुष्ठ रोग मलेरिया जांच एवं वयोवृद्ध जांच अभियान, उनका पंजीयन होगा उनके उनको दवाई वितरित किया जाएगा उनका पूर्ण इलाज होगा। उद्घाटन करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा यह बहुत अच्छी शुरुआत है उन्होंने बताया कि इस अभियान से लोगों के स्वास्थ्य के लिए शासन ने बहुत ही अच्छा पहल किया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता नागरिकों के घर—घर जाकर, वार्डों, गली, मोहल्ले में जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। जांच में टीवी, कुष्ठ रोग, मलेरिया एवं वयोंवृद्ध देखभाल जैसा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। रोग पाए जाने पर तत्काल उसका इलाज कर दवाई वितरण किया जाएगा। सभी का पंजीयन डॉक्टर, इलाज, परीक्षण, दवाई एक साथ प्रदान किया जाएगा। संसद ने नागरिकों से अपील किया है कि लोग इस अभियान से जुड़े और उपचार का लाभ ले। शासन द्वारा यह अभियान आपके लिए ही चलाया जा रहा है, अधिक से अधिक संख्या में जांच करावे। अभियान की शुरुआत मोबाइल यूनिट को सांसद विजय बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इसके पूर्व निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एस डी एम, द्वारा लाल बहादुर शास्त्री की अस्पताल सुपेला का निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था को और ठीक—ठाक बेहतर करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, डॉक्टर दानी, डॉ एमपी सिंह, सुपेला अस्पताल के सभी डॉक्टर सांसद सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्री देवांगन, मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।